Title: Need for construction of a bridge on river Sharda between Bailhaghat and Sirsighat in Khiri District, Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : उपाध्यक्ष महोदय, जनपद खीरी को उत्तर प्रदेश के मध्य क्षेत्र से सीधे जोड़ने के लिए जनपद शाहजहांपुर से मोहम्दी होते हुए गोला गोकर्णनाथ तक मार्ग चल रहा है जिसे भारत सरकार द्वारा सीआरएफ के माध्यम से उच्चीकृत किया जा रहा है परन्तु गोला से सीधे निधासन एवं तिकुनियां पहुंचने के लिए 115 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है क्योंकि बीच में शारदा नदी पर पुल नहीं है। यदि शारदा नदी पर बैलहा घाट तथा सिरसी घाट के मध्य पुल का निर्माण करा दिया जाए तो यह दूरी घट कर 60 किलोमीटर रह जाएगी। इस प्रकार तिकोनियां जो भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एक बड़ी मंडी है, का सम्पर्क सीधे गोला गोकर्णनाथ होते हुए शाहजहांपुर में लखनऊ-दिल्ली मार्ग से हो सकेगा। यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस मार्ग के खुलने से जनपद खीरी के मध्य क्षेत्र में तीव्र गति से आर्थिक विकास हो सकेगा। विगत में इस पुल के स्थान पर बैलगाड़ियों एवं नौका के माध्यम से कारोबार होता रहा है। अतः सरकार से आग्रह है कि इस व्यापारिक एवं सामरिक महत्व के पुल का शीघ्र ही निर्माण कराने का कार्य किया जाए।